Re: Need to establish a Kendriya Vidyalaya at BSF campus in Mahesana Parliamentary Constituency

श्री हरीभाई पटेल (महेसाणा) : मेरे संसदीय क्षेत्र मेहसाणा लोकसभा क्षेत्र में मात्र एक ही केन्द्रीय विद्यालय संगठान के अन्तर्गत एक मात्र केन्द्रीय विद्यालय ओ.एन.जी.सी. कैम्पस में संचालित किया जा रहा है। जहां मेहसाणा लोकसभा मे पढ़ने वाले विद्यार्थियों की संख्या अधिक होने के कारण विद्यालय में अन्य विद्यार्थी प्रवेश प्राप्त करने से वंचित रह जाते है तथा क्षेत्र की जनता की लम्बे समय से मांग है कि मेहसाणा लोकसभा में बी0एस0एफ0 कैम्पस में रह रहे कर्मचारियों/अधिकरियों के बच्चों व अन्य क्षेत्रीय बच्चों के लिए नये केन्द्रीय विद्यालय की स्थापना कराई जाए। अतः मैं माननीय शिक्षा मंत्री जी भारत सरकार से अनुरोध करता हूँ कि मेहसाणा लोकसभा क्षेत्र के बी.एस.एफ. कैम्पस में नये केन्द्रीय विद्यालय की स्थापना कराई जाए तथा केन्द्रीय विद्यालय की संख्या बढ़ाने पर विचार कर शीध्र ही नये केन्द्रीय विद्यालयों की स्थापना कराने की कृपा करें।

(इति)

Re: Need to increase green cover in the cities

श्री मनसुखभाई धनजीभाई वसावा (भरूच) : हमारे देश के नगर दिनों दिन प्रदूषित हो रहे हैं और उन्हें ऑक्सीजन जिसकी प्राथमिक रूप से आवश्यकता है की भी कमी है। हमारे देश में किए गए अध्ययन से पता चलता है कि वायुमंडलीय प्रदूषण बढ़ रहा है और यह मानव जीवन के लिए हानिकारक बनती जा रही है। वायुमंडलीय प्रदूषण के कारण बीमारियां फैल रही हैं और भवनों के अंधाधुंध निर्माण के कारण मानव जीवन कठिन होता जा रहा है।

हमारे शहरों को अधिक ऑक्सीजन मिलने का एकमात्र तरीका अधिक पेड़ उगाना है परंतु फुटपाथ कंक्रीट से ढकी हुई है और इसलिए शहरों में पेडों को उगाना कठिन हो गया है। वृक्ष वीथियां भारतीय शहरों में अब मुश्किल से देखने को मिलती हैं। हमारे शहरों में जो पेड़ लगाए जाते हैं उन्हें लोगों द्वारा नष्ट कर दिया जाता है और वर्तमान व्यवस्था में उनके खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की जा सकती क्योंकि वे पेड़ों को रसायन डालकर नुकसान पहुंचाते हैं। इन परिस्थितियों में, हमारे शहर को स्वच्छ हवा पहुंचाने के लिए "शहरी वन" एकमात्र रास्ता है। अब से, नगरों को शहरी वन बनाए जाने के लिए पर्याप्त जगह के साथ बसाने की योजना बनायी जानी चाहिए और लोगों के आवास के लिए भवनों तथा वाणिज्यिक क्षेत्रों के लिए भूमि अन्य क्षेत्रों के लिए निर्धारित भूमि के अनुपात में निर्धारित की जानी चाहिए । इससे न केवल हमारे शहरों को ऑक्सीजन मिलेगी वरन् पक्षियों के लिए हरित शेल्टर मिलेगा और निवासियों को आराम के क्षण बिताने के लिए जगह मिलेगी।

शहरों में जो मकान बनते हैं उनकी प्लाटिंग की जाती है। उस समय हर मकान के चारों तरफ वृक्षारोपण का प्रबंध किया जाना चाहिए । शहरी नगर निगम तथा अन्य निकायों द्वारा वनों में तथा ग्राम पंचायतों के दायरे में जो बंजर भूमि है वहां पर भी छायादार और फलदार वृक्ष लगाए जाएं।

(इति)

Re: Need to provide employment to people displaced due to Rajhara coal mines in Palamu Parliamentary Constituency and also resume mining activities therein

श्री विष्णु दयाल राम (पलामू) : मैं सरकार का ध्यान एक अति महत्वपूर्ण विषय की ओर आकृष्ट कराना चाहता हूं कि पलामू संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत बंद पड़ी रजहरा कोलियरी को खुलवाने हेतु वर्ष 2014 से ही इस मामले को मैं इस सदन में उठा रहा हूं। उल्लेखनीय है कि रजहरा कोलियरी को खोलने के लिए सारी प्रक्रियाएं पूरी की जा चुकी है और हर तरह की व्यवस्था भी की जा चुकी है कि केवल 20 विस्थापितों को नौकरी दी जानी है जिसपर अटॉर्नी जनरल की सहमति भी प्राप्त हो चुकी है। परन्तु अनावश्यक रूप से विलम्ब किया जा रहा है। अतः महोदय आपके माध्यम से माननीय कोयला मंत्री, भारत सरकार से अनुरोध करता हूं कि पलामू संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत रजहरा कोलियरी में विस्थापितों के नौकरी देने से संबंधित मामले का निराकरण कराते हुए उक्त कोलियरी में अविलंब उत्खनन का कार्य प्रारंभ कराने की कृपा की जाय।

(इति)

Re: Need to restore stoppage of trains at railway stations in Darrang-Udalgiri Parliamentary Constituency

श्री दिलीप शइकीया (दारंग-उदालगुड़ी) : कोरोना महामारी काल के दौरान रेल मंत्रालय द्वारा देशभर में सभी तरह की रेल सेवाओं को बंद कर दिया गया था। हालात सामान्य होने के बाद देश में रेल सेवाओं को पुन: शुरू कर दिया गया था, लेकिन कुछ यात्री ट्रेनों को शुरू नहीं किया गया है या उनके पुराने ठहरावों को बंद कर दिया गया है। कोरोना काल में बंद की गई इन यात्री ट्रेनों के कारण मेरे संसदीय क्षेत्र दरांग-उदलगुड़ी (असम) समेत देशभर के सामान्य और ग्रामीण क्षेत्र के रेल यात्रियों को आवागमन हेतु बहुत सी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। रेल सुविधाओं के अभाव में इन लोगों को अन्य महंगे साधनों से यात्रा करने को मजबूर होना पड़ रहा है, जिसमें इनके समय और धन की बर्बादी होती है। रेल मंत्री जी से निवेदन है कि मेरे संसदीय क्षेत्र दरांग-उदलगुड़ी के अंतर्गत Khoirabari, Tangla, Udalguri & Majbat समेत अन्य हाल्ट स्टेशनों पर सभी एक्स्प्रेस और यात्री ट्रेनों के ठहरावों को जल्द से जल्द पुन: शुरू किया जाए और गाडी संख्या 15961/15962, 22411/22412 व 15929/15930 का Majbat रेलवे स्टेशन पर ठहराव मंजूर किया जाए।

(इति)

Re: Need to develop 'Acupressure Shodh Prashikshan Evam Upchar Sansthan' in Prayagraj, Uttar Pradesh as a Centre of Excellence

श्री प्रवीण पटेल (फूलपुर) : फूलपुर लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में एक्यूप्रेशर शोध प्रशिक्षण एवं उपचार संस्थान की स्थापना से क्षेत्र के लोगों को उच्च गुणवत्ता वाली स्वास्थ्य सेवाएं और वैकल्पिक चिकित्सा विकल्प प्रदान किए जा सकते हैं।इस हेतु एक्यूप्रेशर के क्षेत्र में शोध और प्रशिक्षण को बढ़ावा देना की आवश्यकता है। क्षेत्र के लोगों को समग्र स्वास्थ्य देखभाल और कल्याण के लिए एक्यूप्रेशर की सेवाएं प्रदान करना बहुत जरूरी है। इससे प्रशिक्षित पेशेवरों के लिए रोजगार के अवसर पैदा किए जा सकते हैं।

अतः मैं सरकार से अनुरोध करता हूं कि फूलपुर लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र, प्रयागराज, उत्तर प्रदेश में एक्यूप्रेशर शोध प्रशिक्षण एवं उपचार संस्थान को उत्कृष्टता केंद्र के रुप में विकसित किया जाय जिससे यह शोध प्रशिक्षण संस्थान न केवल स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार कर सके बल्कि समाज में स्वास्थ्य एवं कल्याण को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण योगदान प्रदान कर सके।

(इति)

Re: Need to sanction construction of Ujjain-Jhalawar railway line

श्री रोडमल नागर (राजगढ़) : मेरे लोकसभा क्षेत्र राजगढ़ मध्यप्रदेश की प्रस्तावित झालावाड-से उज्जैन नवीन रेललाईन को स्वीकृति दिये जाने की मांग निरंतर की जा रही हैं। देश भर के प्रसिद्ध ज्योर्तिलिंग महाकालेश्वर उज्जैन से घोसला, आगर, सुसनेर, नलखेड़ा (माता बगलामुखी मंदिर) होते हुए सोयत तक कें क्षेत्र को पहली बार रेल सुविधा का लाभ मिलेगा। इसकें साथ ही उज्जैन से दिल्ली के लिये सीधा, सस्ता व समय की बचत वाला अतिरिक्त रेलमार्ग उप्लब्ध होगा ,जो कि उज्जैन, आगर-मालवा, झालवाड़ क्षेत्र के अंतर्राज्यीय व्यापार, व्यवसाय, पर्यटक आवागमन व धार्मिक सर्किट के रूप में महत्वपूर्ण होगा। अतः जनहित में प्रस्तावित उज्जैन से झालावाड़ रेललाईन के निर्माण की स्वीकृति देकर अनुगहित करें।

(इति)

Re: Central University Status to Kurukshetra University in Haryana

SHRI NAVEEN JINDAL (KURUKSHETRA): Demand to grant the status of a Central University to Kurukshetra University, Haryana. I rise to draw the attention of this august House and the Honourable Minister of Education to a long-standing and meritorious demand from the people of Haryana. Kurukshetra University, established in 1956 on the sacred land of the Bhagavad Gita, is the oldest and most prestigious university in the state. For over 65 years, it has been a beacon of excellence in teaching and research. Its credentials speak for themselves: it has been awarded the highest A++' grade by NAAC and has been ranked 8th among all State Universities in the country in Category-I by the Ministry of Education itself, which also granted it full academic autonomy. Sir, this university is not just a state asset; it is a national treasure. It has already embraced the vision of the National Education Policy 2020, fostering multidisciplinary learning and skill development. Granting Central University status to Kurukshetra University would be a fitting recognition of its exceptional track record and immense potential. It would attract national and international talent to this historic region, boost research, and fulfill the aspirations of millions. Therefore, I urge the Central Government to take immediate steps to elevate Kurukshetra University to the status of a Central University.

(ends)

Re: Need to appoint an agency for monitoring and ensuring safety and security of public parks in cities

श्रीमती मंजू शर्मा (जयपुर) : देश के हर ऱाज्य में बड़े-बड़े शहरों में छोटे बड़े पार्क होते है। उनकी देखरेख उस शहर की नगर निगम या विकास प्राधिकरण करती हैं। आमतौर पर यह देखने में आया है कि नगर निगम और विकास प्राधिकरण इन पार्को के सौन्दर्यकरण पर लाखों रूपये खर्च करते है, इनमें बड़े बड़े फूलों के पौधे लगाए जाते है और उनको कीमती गमलों में सजाया जाता है, इसके अतिरिक्त, बहुत कीमती पत्थर के स्टेच्यू लगाए जाते है और सजावटी और नाचते हुये फव्वारें लगाये जाते है और बड़ी सुन्दर लाइटिंग की जाती है जब यह सब कुछ लग जाता है तो पार्क बहुत ही सुन्दर और मनमोहक लगने लगते है, लोग काफी लालायित रहते है इस दृश्य को देखने के लिए और समय निकालकर उस पार्क में अवश्य जाते है। माननीय अध्यक्ष जी, मेरा आपके माध्यम से सरकार को सुझाव है कि देश के प्रत्येक बड़े शहर में ऐसे पार्को की देखभाल करने के लिए एक एजेन्सी नियुक्त की जाये जिसका काम पार्को की निगरानी और उसकी सुरक्षा की जिम्मेवारी हो, इससे स्थानीय संस्थाओं ने जो पैसा पार्को के सौन्दर्यकरण में खर्च किया है उसका सदुपयोग हो सके।

(इति)

Re: Railway related issues of Bharatpur Parliamentary Constituency

श्रीमती संजना जाटव (भरतपुर) : मैं सरकार से मांग करती हूं कि भरतपुर जंक्शन पर सभी सुपरफास्ट ट्रेनो का ठहराव सहित कोरोना काल से बंद पडी फिरोजपुर -मुबईं जनता एक्सप्रेस को पुनः सुचारु रुप से चालू किया जाये। खेरली राजस्थान का महत्वपूर्ण रेलवे स्टेशन है तथा खेरली अनाज मंडी के नाम से प्रसिद्ध है। यहां दूर-दूर से हजारों व्यापारी कर्मचारी एंव मजदूर वर्ग आता हैं। मैं सरकार से आग्रह करूंगी कि रेलवे स्टेशन की महत्वता को देखते हुए कुछ सुपरफास्ट ट्रेनें जैसे आगरा कैंट-साबरमती गाड़ी संख्या 12547/12548, हावडा-जोधपुर गाड़ी संख्या 12307/12308, बिकानेर-हावडा गाड़ी संख्या 22307/22308 तथा अजमेर-सियालदाह गाड़ी संख्या 12987/12988 को खेरली रेलवे स्टेशन पर ठहराव देने की कृपा करें।

(इति)

Re: Need to review decision to do away with the 'Registered Post' system in the country

ADV. DEAN KURIAKOSE (IDUKKI): The Department of Posts have decided to do away with the Registered Post system in the country and have proposed to merge the Registered Post service with the Speed Post service for Domestic transmission. The cost for sending a registered post is Rs 26 and the speed post is Rs 42. The registered post system has played a crucial role in delivering documents of Banks, Passport Offices, Public Service Commission's correspondences, Police Station and other Government related correspondences as it could be received only by the addressee. In this regard, the move to merge the Registered Post and the Speed Post under the aim of streamlining the mail service, enhancing operational efficiency and delivering greater customer convenience to be implemented with effect from 01.09.2025 needs to be seriously reconsidered. I request the Department of Posts to put on hold this proposed move and conduct a thorough study and cost benefit analysis and the social and legal impact on the customers of this country, if the Registered Post is non functional. Once again, I urge to Government to withdraw the notification in the interest of this nation. (ends)

Re: Need to develop Eco-Tourism Infrastructure in Dhule, Maharashtra under Swadesh Darshan 2.0

डॉ. बच्छाव शोभा दिनेश (धुले) : मैं माननीय पर्यटन मंत्री का ध्यान इको टूरिज्म इंफ्रास्ट्रक्चर विकसित करने की आवश्यकता की ओर आकर्षित करना चाहती हूँ। महाराष्ट्र, शांत समुद्र तटों, हरे-भरे जंगलों, से लेकर ऊंचे पहाड़ों और पश्चिमी घाटों, जो यूनेस्को की विश्व धरोहर स्थल है, तक विविध प्रकार के आवासों का घर है। प्राकृतिक सौंदर्य और व्यापक सांस्कृतिक विरासत महाराष्ट्र को इको-पर्यटन के लिए आदर्श बनाता है। वर्तमान में, भारत सरकार स्वदेश दर्शन 2.0 के तहत चैलेंज बेस्ड डेस्टिनेशन डेवलपमेंट (सीबीडीडी) के तहत देश भर में 5 इको-टूरिज्म परियोजनाएँ चला रही है, लेकिन महाराष्ट्र में एक भी नहीं है। महाराष्ट्र में इकोटूरिज्म इंफ्रास्ट्रक्चर विकसित करने की आवश्यकता है। यह न केवल पर्यावरण संरक्षण को प्रोत्साहित करेगा, बल्कि स्थानीय लोगों को रोजगार भी प्रदान करेगा। सतपुड़ा पर्वत श्रृंखला और सह्याद्रि पहाड़ियों के बीच बसा धुले जिला, तापी और पंजारा नदियों और लालिंग, कुरान और अलादाहरी झरनों और अनेर बांध अभयारण्य के साथ विविध वन्य जीवन का घर है। ऐतिहासिक रूप से पश्चिमी खानदेश का हिस्सा, इसमें लालिंग, सोनगीर और भामेर जैसे प्राचीन किले भी हैं जो इसे इको-टूरिज्म के लिए आदर्श बनाते हैं। इसलिए, मैं सरकार से अनुरोध करती हूं कि स्वदेश दर्शन 2.0 के तहत धुले, महाराष्ट्र में इको टूरिज्म इंफ्रास्ट्रक्चर विकसित किया जाये। (इति)

Re: Need to ensure payment of Minimum Support Price (MSP) guaranteed to farmers under Paddy Procurement Policy in Kerala especially in Palakkad district

SHRI V. K. SREEKANDAN (PALAKKAD): The farmers in Kerala, especially from the district of Palakkad are not getting payment against their produce supplied to the agency of the State Government of Kerala for the last several months. The delay in payment for the paddy procured by a government agency is pushing them into a debt trap or not even to go ahead with the sowing for the next season. The payment towards paddy provided by the farmers is given as loan through bank to them and loan liability towards payment made as a loan lies on their shoulders . The farmers were also not getting loan from bank for their other needs and Banks deny loans to them citing their low Credit Information Burau India Limited score. Due to non-payment against paddy procured by the agency of the State Government, many farmers have dropped paddy cultivation. Once upon a time the paddy cultivation in Kerala was above 9 lakh hectares and it has now been reduced to less than two lakh hectares of land and may go down further, if we do not take corrective steps in this regard. Therefore, it is urged that the Minimum Support Price guaranteed should be paid to the farmers in Kerala directly.

(ends)

Re: Need to build a 'Dwar'(Gate) on Haryana-Delhi border in honour of Pandit Lakhmichand, a poet of Haryanvi language

श्री सतपाल ब्रह्मचारी (सोनीपत) : श्री पंडित लख्मीचंद जी, जिन्हें हरियाणा का 'सूर्य कवि' एवं 'हरियाणवी संस्कृति का जनक' माना जाता है, ने हरियाणा की लोक-संस्कृति, रागनी, किस्सागोई और सामाजिक चेतना को अपनी ओजस्वी वाणी के माध्यम से नई ऊंचाइयों तक पहुँचाया। उनका साहित्य आज भी जनमानस को दिशा देने का कार्य कर रहा है। ऐसे महान व्यक्तित्व की स्मृति में एक भव्य द्वार का निर्माण हरियाणा और दिल्ली की सीमा पर (जैसे सिंघु बॉर्डर, कुंडली, बहादुरगढ़ आदि क्षेत्र में) करवाया जाना अत्यंत आवश्यक है, जिससे आने वाली पीढ़ियाँ उनके योगदान से प्रेरणा प्राप्त कर सकें। यह स्थान हरियाणा और दिल्ली की जनता को सांस्कृतिक एकता, लोक परंपराओं और विरासत से जोड़ने का एक माध्यम बनेगा। आपसे विनम्र अनुरोध है कि इस विषय में संज्ञान लेते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश जारी करने की कृपा करें।

(इति)

Re: Need to build hospitals equipped with modern facilities in Muzaffarnagar and Shamli districts in Uttar Pradesh

श्री हरेन्द्र सिंह मलिक (मुजफ़्फ़रनगर) : मैं सरकार एवं सदन का ध्यान एक अति महत्वपूर्ण विषय, जनपद मुजफ्फरनगर, शामली में बड़ी तेजी से फ़ैल रहे जानलेवा बीमारियों कैंसर, हृदय रोग, पक्षाघात और लीवर फेलियर और इनके इलाज हेतु यहाँ पर्याप्त सुविधाओ के उपलब्ध ना होने की ओर आकर्षित करना चाहता हूँ। मुजफ्फरनगर समेत पश्चिमी उत्तर प्रदेश में नवीन सुविधाओं से लैस अस्पताल नहीं है और जो हैं भी उनमे आधुनिक सुविधाये अपर्याप्त हैं इसलिए यहाँ के निवासियों को इलाज के लिए दिल्ली आना पड़ता है जो बड़ा खर्चीला और कष्टप्रद होता है। अत: मुजफ्फरनगर और शामली में इन विशेष सुविधाओं से लैस एक अस्पताल की अत्यन्त आवश्यकता है तथा यदि यह संभव न हो तो लाला लाजपत राय मेडिकल कॉलेज मेरठ स्थित अस्पताल में कैंसर, हृदय रोग, पक्षाघात और लीवर फेलियर के लिए विशेष देखभाल यूनिट (Special Care Unit) को उच्चीकृत किये जाने की आवश्यकता है। अत: मै आपके माध्यम से सरकार से इस विषय पर अविलम्ब ध्यान देने की मांग करता हूँ। (इति)

Re: Alleged irregularities in Public Distribution System

श्री देवेश शाक्य (एटा) : मेरे संसदीय क्षेत्र एटा (उत्तर प्रदेश) मे सिंगल स्टेज व्यवस्था में NFSA के अन्तर्गत खाद्यान F.C.I. से ट्रक द्वारा जैसे ही निकलता है, उसके बाद से ही तथाकथित तौर पर परिवहन ठेकेदार/मुनीम और जिलापूर्ति अधिकारी और सप्लाई इन्सपेक्टर का खेल शुरू हो जाता है। नियमानुसार ट्रक डीलर को दुकान तक जाना चाहिये पर ट्रक हर ब्लॉक में हर डीलर की दुकान तक नहीं जाता है। यहीं पर 'राशन माफिया', ठेकेदार तथा मुनीमों के साथ मिलकर डीलरों से बचत का राशन खरीद लेते हैं। खाली होकर ट्रक डीलर की दुकान की चौहद्दी में भेजा जाता है। हर ब्लॉक का ठेकेदार तथा मुनीम सीधे जिलापूर्ति अधिकारी से सीधे जुड़े हुए हैं। हर महीने जिलापूर्ति अधिकारी को बोरा बजन व अन्य योजनाओं आंगनवाडी, एम०डी०एम० के अंतर्गत यही लोग राशन माफिया के साथ सीधा बचत का हिसाब देते हैं। खर्चा काटकर डी०एस०ओ० और सप्लाई इंस्पेक्टर हर महीने मोटा पैसा कमाते हैं। जो कि डीलर बोरा का बजन मुनीमों/ठेकेदार प्रतिनिधि से मांगता है उसकी शिकायत ये मुनीम लोग डी०एस०ओ० से कर देते हैं। डी०एस०ओ० छापेमारी के नाम पर डीलर की दुकान पर पहुँच जाते हैं और वहाँ से भी डीलर से पैसा वसूली करके लाते हैं। जो सप्लाई इन्सपेक्टर इनके हिसाब से नहीं चलता उसको एक ब्लॉक से दूसरे ब्लॉक में ट्रान्सफर करते रहते हैं। शहर के हर ब्लॉक के डीलर 5000 रुपये प्रति दुकान के हिसाब से तथा देहात के डीलर 3000 रुपये प्रति दुकान के हिसाब से इकट्ठा करके तथाकथित तौर पर डी०एस०ओ० को देते हैं। जिले में 700 लगभग दुकानें हैं। डी०एस०ओ० अपने कार्यालय के बाबुओं को भी जो डीलर खर्चा दे जाते हैं उसमें हिस्सा मांगते हैं।

अत: मेरा उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्री जी ने निवेदन है कि उपरोक्त संबंध मे उचित कार्रवाई करने की कृपा करें।

(इति)

Re: Need for establishment of a modern cold storage with larger capacity in Musiri, Tamil Nadu

SHRI ARUN NEHRU (PERAMBALUR): I wish to draw the attention of the Central Government to a matter of urgent public importance concerning the livelihood of banana farmers in the Musiri region of Tamil Nadu. The belt encompassing Musiri, Thottiyam, and Kulithalai, situated on the fertile banks of the River Kaveri, is one of the largest banana-producing hubs in the state. Our farmers cultivate several important varieties like Poovan, Rasthali, and Nendran, which are supplied across the country and form the backbone of the local agricultural economy. The presence of the ICAR's National Research Centre for Banana in nearby Tiruchirappalli further underscores the strategic importance of this region. Despite this, the entire region suffers from a severe lack of modern cold storage infrastructure. Banana is a highly perishable crop, and without adequate storage, our farmers are frequently compelled to resort to distress sales at throwaway prices, especially during peak harvest seasons. This results in significant financial losses and negates their year-long hard work. Therefore, I urge the Union Minister of Agriculture and Farmers' Welfare to intervene and sanction the establishment of a large-scale, modern cold storage facility in Musiri. This single step will empower our farmers, reduce post-harvest wastage, and significantly boost the rural economy.

(ends)

Re: Need for infrastructure facilities and technological upgrading in Industrial Training Institutes (ITIs) in Bapatla Parliamentary Constituency

SHRI KRISHNA PRASAD TENNETI (BAPATLA): I wish to bring to the attention of the Hon’ble Minister the infrastructural issues faced by the Government Industrial Training Institutes (ITIs) in my Bapatla Parliamentary Constituency. In Bapatla district—ITI Gudavalli was established in 1980 and the ITI Nizampatnam has been set up recently. Despite consistently achieving 100% admissions, strong student performance in the All India Trade Test, and high student placement rates, these institutes struggle with inadequate infrastructure. Despite their performance, both ITIs lack basic infrastructure, including proper classrooms, workshops, and amenities such as toilets, drinking water, fans etc. As a result, students are deprived of a conducive learning environment. Additionally, due to severe space constraints, they are also unable to introduce short-term skill development courses, limiting both the quality and reach of training. In light of their proven contribution to skill development and employability in the region, I urge the Hon’ble Minister of Skill Development and Entrepreneurship to allocate funds to these ITIs in my Parliamentary Constituency of Bapatla to strengthen their infrastructure and ensure technological upgradations. This will enable them to further the NDA Government’s vision of building a robust, skilled and modern workforce.

(ends)

Re: Need to expedite construction of airport in Bhagalpur, Bihar

श्री राजेश वर्मा (खगड़िया) : भागलपुर के सुलतानगंज में प्रस्तावित हवाई अड्डे के लिए 855 एकड़ भूमि चिन्हित की जा चुकी है। मार्च, 2024 में बिहार कैबिनेट ने भी इस परियोजना को अपनी स्वीकृति प्रदान कर दी है और भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण ने इसी वर्ष 19 फरवरी को इसका प्री-फिजिबिलिटी अध्ययन भी पूरा कर लिया है। राज्य स्तर पर प्रारंभिक कार्रवाई पूरी हो चुकी है, लेकिन अब इस कार्य को गति देने के लिए केंद्र सरकार के हस्तक्षेप की आवश्यकता है। वर्तमान में खगड़िया के निवासियों को हवाई यात्रा के लिए पटना या दरभंगा जैसे दूर के हवाई अड्डों पर निर्भर रहना पड़ता है जिससे उनका काफी समय और संसाधन व्यर्थ होता है। इस हवाई अड्डे का निर्माण मेरे संसदीय क्षेत्र खगड़िया के लिए एक वरदान साबित होगा। खगड़िया, भागलपुर, मुंगेर और अन्य नजदीकी जिलों के निवासियों को बेहतर हवाई संपर्क मिलेगा जिससे व्यापार, पर्यटन और रोजगार के अवसर बढ़ेंगे। यह क्षेत्रीय अर्थव्यवस्था को मजबूत करेगा और युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर खोलेगा और आपातकालीन चिकित्सा सेवाओं तक त्वरित पहुँच सुनिश्चित होगी। हवाई अड्डा बनने से देश-विदेश के पर्यटक यहाँ आएंगे जिससे स्थानीय पर्यटन और व्यापार को बढ़ावा मिलेगा। मैं मंत्री जी से आग्रह करता हूं कि भागलपुर हवाई अड्डे के निर्माण कार्य को शीघ्र प्रारंभ करने हेतु भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण को आवश्यक निर्देश जारी करें।

(इति)

Re: Acute shortage of water in Sikar district, Rajasthan

श्री अमरा राम (सीकर) : राजस्थान के सीकर जिले के 13 नगर निकाय एवं 900 गांव-ढाणियों में पेयजल की भयंकर समस्या बनी हुई है इन शहरों एवं गांव ढाणियों में पेयजल योजनायें भूमिगत जल पर निर्भर थी जो करीब-करीब सूख चुका है या अत्यधिक फ्लोराइड युक्त हो गया है जो पानी पीने लायक नहीं रहा है जिससे लोगो को काफी समस्या का सामना कर रहे हैं जिसके समाधान हेतु वर्ष 2021 में सीकर एवं झुंझुनू को पेयजल उपलब्ध कराने के उदेश्य से कुंभाराम लिफ्ट योजना से जल जीवन मिशन पेयजल योजना में करीब 8000 करोड़ रूपये की योजना बनी हुई है लेकिन न तो आज तक जल का अलॉटमेंट हुआ है तथा न हीं राज्य सरकार द्वारा बजट की व्यवस्था करके टेंडर किया गया है तथा न हीं वर्क आर्डर किया गया है। अतः केंद्र सरकार एवं जल शक्ति मंत्री से निवेदन है कि अतिशीघ्र पानी अलॉट करके इसकी स्वीकृति जारी करके काम शुरू किया जाए जिससे प्यासी शेखावाटी के लोगों की प्यास बुझाई जा सके। जल जीवन मिशन को 5 वर्ष पूर्ण होने के बाद भी इस योजना पर काम शुरू नहीं हुआ है जो चिंता का विषय है अत: अतिशीघ्र पेयजल की समस्या का निदान किया जाये।

(इति)

Re: Alleged forceful acquisition of land without payment of compensation under Bharatmala Project in Aurangabad district, Bihar

श्री सुधाकर सिंह (बक्सर) : औरंगाबाद ज़िला में भारतमाला परियोजना के अंतर्गत किसानों के साथ हो रहे घोर अन्याय हो रहा हैं। हाल ही में एक्सप्रेसवे निर्माण के नाम पर किसानों की सैकड़ों बीघा खड़ी फसलों को ट्रैक्टर से रौंद दिया गया। यह कार्य बिना पूर्व सूचना, उचित मुआवज़ा और किसान की सहमति के किया गया, जिससे किसानों में भारी आक्रोश है। कृषि प्रधान देश में, जहाँ अन्नदाता को भगवान कहा जाता है, वहीं किसानों की मेहनत पर पानी फेरा जा रहा है। इस परियोजना से किसानों को कोई प्रत्यक्ष लाभ नहीं है। यहाँ तक कि उन्हें मुआवज़ा भी नहीं दिया गया और जबरन भूमि अधिग्रहण का प्रयास किया जा रहा है। किसानों की मांग है कि उन्हें उचित मुआवज़ा दिया जाए, जिनकी फसलें रौंदी गई, उन्हें क्षतिपूर्ति दी जाए, और भविष्य में किसी भी विकास परियोजना में किसानों को विश्वास में लेकर ही कार्रवाई की जाए। यह सिर्फ औरंगाबाद की बात नहीं है, बल्कि यह पूरे देश में किसानों की सुरक्षा और अधिकारों का प्रश्न है। अतः मैं सदन के माध्यम से सरकार से आग्रह करता हूँ कि इस पूरे मामले की उच्चस्तरीय जांच करवाई जाए और प्रभावित किसानों को न्याय दिया जाए।

(इति)

Re: Need to establish a Rashtriya Makhana Vikas Board in Purnia district, Bihar

श्री राजेश रंजन (पूर्णिया) : मैं आपके माध्यम से सरकार का ध्यान एक अत्यंत महत्वपूर्ण विषय की ओर आकर्षित करना चाहता हूँ। बिहार राज्य का पूर्णिया जिला, देश में 70% से अधिक मखाना उत्पादन करने वाला क्षेत्र है। मखाना उत्पादन की परंपरा, उसकी गुणवत्ता, निर्यात क्षमता और स्थानीय किसान समुदाय की जीविका पूर्णिया से प्रत्यक्ष रूप से जुड़ी हुई है। इसके बावजूद, भारत सरकार द्वारा प्रस्तावित "मखाना बोर्ड" की स्थापना हेतु दरभंगा को प्रस्तावित करना अत्यंत अन्यायपूर्ण एवं अव्यावहारिक है। पूर्णिया को पहले ही भौगोलिक संकेतक (GI Tag) प्रदान किया जा चुका है, जिससे इसकी विशिष्टता और क्षेत्रीय पहचान को मान्यता मिली है। यह क्षेत्र लंबे समय से मखाना आधारित कृषि, अनुसंधान एवं व्यापार का केन्द्र रहा है। यहां के किसानों, उत्पादकों और सहकारी समितियों ने इस क्षेत्र को राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय पहचान दिलाई है । पीएमओ की ग्रिवांस सेल द्वारा दरभंगा को उचित बताना, तथ्यों और जमीनी वास्तविकताओं के विपरीत है । इस निर्णय से न केवल पूर्णिया के किसानों में आक्रोश है, बल्कि इससे एक सफल कृषि मॉडल को नजरअंदाज करने की दुर्भाग्यपूर्ण प्रवृत्ति भी उजागर होती है। अतः सरकार से आग्रह है कि पूर्णिया जिले में ही "राष्ट्रीय मखाना विकास बोर्ड" की स्थापना हो।

(इति)

Re: Need to establish a Sub-Regional Office of the Employees' State Insurance Corporation (ESIC) at Sangli or Kolhapur in Maharashtra

SHRI VISHALDADA PRAKASHBAPU PATIL (SANGLI): I wish to draw the attention of the Government to the demand for the establishment of a Sub-Regional Office (SRO) of the Employees' State Insurance Corporation (ESIC) at Sangli or Kolhapur. The demand is due to the increasing burden on Stakeholders from these regions and the substantial contributions made by them to the ESIC System. Over the last 3 years, there has been a significant increase in both the employer registrations and insured persons. The employers are required to visit the SRO Pune, which is 200 Km away from Sangli-Kohlapur region, for personal hearings and regulatory issues, resulting in unnecessary travel, financial burden and loss of productivity. Other Government Departments such as the GST, IT and EPFO already have their Regional Offices catering to the local population. It is also suggested to introduce a system of faceless hearings to reduce the need for physical presence in many cases to ensure faster and more transparent adjudication. I, therefore, urge the Hon'ble Minister of Labour and Employment, to consider this matter of the establishment of an ESIC SRO at Kolhapur which would give effect to decentralisation, administrative efficiency, and accessibility.

(ends)

माननीय सभापति : माननीय सदस्यगण, शून्यकाल ले रहे हैं।

… (व्यवधान)

माननीय सभापति : माननीय सदस्यों के महत्वूपर्ण विषय हैं। कृपया दो-दो मिनट में अपनी बात को रखें।

… (व्यवधान)

माननीय सभापति : मैं विपक्ष के सभी माननीय सदस्यों से अनुरोध करती हूं कि आप सभी अपनी-अपनी सीट्स पर बैठें। क्या आप लोग शून्यकाल नहीं चलाना चाहते हैं? बहुत सारे सदस्यों को अपनी बात रखनी है।

… (व्यवधान)

(1220/KN/HDK)

माननीय सभापति (श्रीमती संध्या राय) : आप सभी वरिष्ठ सदस्य हैं। आप सब अपनी-अपनी सीट्स पर बैठिये। सदन की कार्यवाही को चलने दीजिए।

… (व्यवधान)

माननीय सभापति : क्या आप शून्य काल नहीं चलाना चाहते हैं?

… (व्यवधान)

माननीय सभापति : सभा की कार्यवाही तीन बजे तक के लिए स्थगित की जाती है।

… (व्यवधान)

1220 बजे

तत्पश्चात् लोक सभा पन्द्रह बजे तक के लिए स्थगित हुई।

(1500/ANK/PS)

1500 बजे

लोक सभा पंद्रह बजे पुनः समवेत् हुई।

(श्री जगदम्बिका पाल पीठासीन हुए)

… (व्यवधान)

माननीय सभापति : आप सभी लोगों की उपस्थिति का धन्यवाद। यह बहुत महत्वपूर्ण विधेयक है।

… (व्यवधान)

माननीय सभापति : आइटम नंबर 20, भारतीय पत्तन विधेयक।

माननीय मंत्री जी।

1501 बजे

(इस समय डॉ. कलानिधि वीरास्वामी, सुश्री महुआ मोइत्रा, डॉ. मल्लू रवि और कुछ अन्य माननीय सदस्य आकर पटल के निकट खड़े हो गए।)

… (व्यवधान)

माननीय सभापति : यह बहुत महत्वपूर्ण बिल है।

… (व्यवधान)

INDIAN PORTS BILL

1502 hours

THE MINISTER OF PORTS, SHIPPING AND WATERWAYS (SHRI SARBANANDA SONOWAL): Respected Sir, I beg to move:

> “That the Bill to consolidate the law relating to ports, promote integrated port development, facilitate ease of doing business and ensure the optimum utilization of India’s coastline; establish and empower State Maritime Boards for effective management of ports other than major ports; establish the Maritime State Development Council for fostering structured growth and development of the port sector; provide for the management of pollution, disaster, emergencies, security, safety, navigation, and data at ports; ensure compliance with India’s obligations under international instruments to which it is a party; take measures for the conservation of ports; provide for adjudicatory mechanisms for the redressal of port-related disputes; and address matters connected therewith or incidental thereto, be taken into consideration.”

HON. CHAIRPERSON: Motion moved:

"That the Bill to consolidate the law relating to ports, promote integrated port development, facilitate ease of doing business and ensure the optimum utilization of India's coastline; establish and empower State Maritime Boards for effective management of ports other than major ports; establish the Maritime State Development Council for fostering structured growth and development of the port sector; provide for the management of pollution, disaster, emergencies, security, safety, navigation, and data at ports; ensure compliance with India's obligations under international instruments to which it is a party; take measures for the conservation of ports; provide for adjudicatory mechanisms for the redressal of port-related disputes; and address matters connected therewith or incidental thereto, be taken into consideration."

… (व्यवधान)

माननीय सभापति : श्री दिलीप शइकीया जी।

… (व्यवधान)

माननीय सभापति : मैं आप सभी सदस्यों को इस महत्वपूर्ण बिल पर बोलने का अवसर दूंगा। मैं आप सभी से आग्रह करता हूं।

… (व्यवधान)

माननीय सभापति : उज्ज्वल रमण सिंह जी, आनंद जी, मैं आप सभी को इस विधेयक पर बोलने का अवसर दूंगा। गौरव गोगोई जी, मैं आपको बोलने का अवसर दूंगा। अभी मैंने दिलीप शइकीया जी को बोलने के लिए कहा है।

… (व्यवधान)

1503 hours

SHRI DILIP SAIKIA (DARRANG-UDALGURI): Thank you, hon. Chairperson Sir, for allowing me to speak on the Indian Ports Bill, 2025.

Sir, it is a landmark reform that will redefine the legislative contours of India's maritime landscape. We have 11,098 kilometres long coastline, which is not just a geography, but it is the economic spine of a four trillion-dollar economy, powering over 95 per cent of our trade by volume and nearly 70 per cent by value. I have often said, 'Ports are not merely gateways for goods; they are catalysts for transformation, engines of employment, and anchors of sustainable development'. … (*Interruptions*)

सर, माननीय प्रधान मंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में आज देश में इनलैण्ड वाटर वेज़, पोर्ट्स और शिपिंग डिपार्टमेंट के माध्यम से भारत की अर्थनीति को बल मिला है और भारत की अर्थनीति के नाते यह बन पाया है। … (व्यवधान) इसके लिए मैं प्रधान मंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी को विशेष रूप से धन्यवाद देता हूं।

(1505/RAJ/SNL)

सर, माननीय केन्द्रीय मंत्री श्री सर्बानंद सोनेवाल जी के नेतृत्व में भी इस पोर्ट्स, वाटरवेज एंड शिपिंग डिपार्टमेंट ने पिछले कुछ सालों में काफी सारी उपलब्धियां हासिल की है।…(व्यवधान)

सर, मैं नॉर्थ-ईस्ट रीजन से बिलाँग करता हूं।…(व्यवधान) भइया, आप थोड़ा हमारी बात सुनने की कोशिश करें।…(व्यवधान) मैं नॉर्थ-ईस्ट रीजन की बात बोल रहा हूं।…(व्यवधान) आप हमारी बात सुनिए।…(व्यवधान) गौरव गोगोई जी, आप हमारी बात सुनिए।…(व्यवधान)

माननीय सभापति (श्री जगदम्बिका पाल) : माननीय दिलीप शइकीया जी बहुत महत्वपूर्ण विधेयक पर चर्चा कर रहे हैं। यह पूरे देश का विषय है। आप सभी को भी इस पर बोलने का अवसर मिलेगा।

… (व्यवधान)

माननीय सभापति : आप सभी दिलीप शइकीया जी की बात सुन लें, फिर हम आप सभी को इस विधेयक पर और चर्चा करने का अवसर देंगे।

… (व्यवधान)

HON. CHAIRPERSON: Nothing will go on record except Shri Dilip Saikia's speech.

… (*Interruptions*) *… (Not recorded)*

श्री दिलीप शइकीया (दारंग-उदालगुड़ी) : सभापति महोदय, मैं नॉर्थ-ईस्ट के विषय को एड्रेस कर रहा हूं।…(व्यवधान)

सर, आज जिस हिसाब से पूरे देश के साथ पूर्वोत्तर भारत में भी इंलैंड वाटर पोर्ट शिपिंग को इस मंत्रालय के द्वारा महत्व मिल रहा है, गुरुत्व मिल रहा है, जिसके कारण बांग्लादेश, म्यांमार, भूटान और नेपाल के साथ हमारे व्यवसाय का एक नया द्वार खुल गया है।…(व्यवधान) साउथ-ईस्ट एशिया का गेटवे गुवाहाटी है।…(व्यवधान)

सर, गुवाहाटी को मद्देनजर रखते हुए, आज हमारे पूर्वोत्तर को क्या-क्या मिला है, ये हम सभी को मालूम है, सदन को मालूम है।…(व्यवधान) हमने गंगा विलास क्रूज 3200 किलोमीटर, लाँगेस्ट रूट में

चलाया है।...(व्यवधान) यह लॉंगेस्ट रूट है।...(व्यवधान) हमने इसके माध्यम से अपने टूरिज्म के साथ-साथ हमारी जो ट्रांसपोर्टेशन फैसिलिटी है, जो सबसे सस्ती ट्रांसपोर्टेशन फैसिलिटी है, वह पूरे देश को गंगा विलास क्रूज के माध्यम से देखने का सौभाग्य मिला है।...(व्यवधान) इसके साथ-साथ हमने देखा है कि नॉर्थ-ईस्ट में जोगीघोपा में मल्टी लॉजिस्टिक हब बनाया गया है।...(व्यवधान) यह हमारे नॉर्थ-ईस्ट के लिए मोदी जी का उपहार है।...(व्यवधान)

सर, इसके साथ-साथ पूरे नॉर्थ-ईस्ट, असम, गुवाहाटी, पांडु में हमें क्रूज टर्मिनल्स मिले हैं, पैसेंजर्स टर्मिनल्स मिले हैं।...(व्यवधान) हमें कार्गो शिप्स और कार्गो वेसल्स मिले हैं।...(व्यवधान) कुल मिला कर हमें शिप्स रिपेयरिंग फैसिलिटीज नॉर्थ-ईस्ट, असम में मिला है।...(व्यवधान) सर, पचास साल यहां कांग्रेस ने शासन किया है, लेकिन एक भी वाटर ट्रांसपोर्ट और शिपिंग पोर्ट मिनिस्ट्री को बताने लायक एक भी स्टेप कांग्रेस ने नहीं लिया है।...(व्यवधान) आज गौरव गोगोई जी बोल रहे हैं।...(व्यवधान) वह सुन रहे हैं।...(व्यवधान) वे यहां पर बहरे हो गए हैं।...(व्यवधान) जब डेवलपमेंट की बात होती है, तो वे सुन भी नहीं पाते हैं और बोल भी नहीं पाते हैं।...(व्यवधान) इसलिए मैं विशेष कर गौरव गोगोई जी का उल्लेख कर रहा हूं।...(व्यवधान)

माननीय सभापति : दिलीप शइकिया जी, केवल आप की बात रिकॉर्ड में जा रही है।

...(<u>व्यवधान</u>)

माननीय सभापति : इस विधयेक पर आप जो बातें कह रहे हैं, वही बातें रिकॉर्ड में जा रही हैं। किसी अन्य माननीय सदस्य की बात रिकॉर्ड में नहीं जा रही है।

...(<u>व्यवधान</u>)... (<u>कार्यवाही-वृत्तान्त में सम्मिलित नहीं किया गया।</u>)

श्री दिलीप शइकीया (दारंग-उदालगुड़ी) : सर, आज देश में जो पोर्ट कैपेसिटी है, वह पोर्ट कैपेसिटी नरेन्द्र मोदी जी के 11 सालों के कार्यकाल में 87 प्रतिशत तक एन्हांस हुई है।... (व्यवधान) इस देश में मेजर पोर्ट्स बन गए हैं।...(व्यवधान) Ships used to linger for nearly four days.... (<u>व्यवधान</u>)

माननीय सभापति : कृपया, आप अपनी बात को संक्षिप्त करें।

...(<u>व्यवधान</u>)

श्री दिलीप शइकीया (दारंग-उदालगुड़ी) : शिप्स यहां से वहां तक जाने में चार दिन लगते थे।...(व्यवधान) नरेन्द्र मोदी जे के नेतृत्व में, सर्बानंद जी के नेतृत्व में वहां 48 घंटे में ट्रांसपोर्ट फैसिलिटी, कार्गो पहुंचने का सिलसिला शुरू हुआ।...(व्यवधान) इसलिए मैं प्रधान मंत्री जी को बहुत-बहुत धन्यवाद देता हूं।...(व्यवधान) नॉर्थ-ईस्ट में कोस्टल एरिया नहीं है, लेकिन रिवर एरिया बहुत है।...(व्यवधान) वहां ब्रह्मपुत्र, बराक और कपिली है।...(व्यवधान)

माननीय सभापति : कृपया, आप अपनी बात को समाप्त करें।

...(<u>व्यवधान</u>)

श्री दिलीप शइकीया (दारंग-उदालगुड़ी) : मोदी जी ने नॉर्थ-ईस्ट को 20-20 नेशनल वाटर वेज तोहफा में दिया है।...(व्यवधान) इसलिए मैं प्रधान मंत्री जी को फिर से धन्यवाद देता हूं।...(व्यवधान) सर्बानंद जी ने इस बिल को यहां पर टेबल किया है, मैं भरतीय पतन विधेयक, 2025 को हृदय से सपोर्ट करता हूं।...(व्यवधान) मैं इसे पारित करने के लिए अपोजिशन से भी आह्वान करता हूं।...(व्यवधान) धन्यवाद।

(इति)

(1510/NK/SMN)

1510 hours

SHRI SRIBHARAT MATHUKUMILLI (VISAKHAPATNAM): Thank you, Sir. I rise in support of the Indian Ports Bill today and I would like to debate on multiple issues in this Bill. In light of the decorum of the House, I would like to limit myself to a very few points today. … (*Interruptions*)

Our State is a very prosperous maritime State. We have a thousand kilometres of coastline. There are many developments that have benefited a North Eastern State of our country in the last decade in particular. The turnaround of the ships in major ports has halved from 93 hours to 48 hours today. Our international shipments ranking has improved from 44 to 23 in 2023. I welcome this initiative to integrate many things together on the port development and adjudication of many issues and ease of doing business on how to do trade, on how to do development of ports and identification of new ports. … (*Interruptions*)

In fact, in our State, our Chief Minister has ideated that at every 50 kilometres, we should have a port with a theme - one will be for petrochemicals and one will be for ship repair and shipbuilding. I am very glad that our Union Minister Shri Sonowal has visited us in Vizag and has done a major conclave with seven countries in the Bay of Bengal. … (*Interruptions*)

Also, on the cruise development, we already have two cruises and two more are coming. Of course, many more will come. I would love to debate on them another day but today. I whole-heartedly support, on behalf of our Party, this Bill and hope that this Bill is passed unanimously. … (*Interruptions*)

(ends)

माननीय सभापति (श्री जगदम्बिका पाल) : इस महत्वपूर्ण विधेयक पर माननीय सदस्य बोल रहे हैं, आप सभी लगातार इतनी देर से नारे लगा रहे हैं, आपसे अनुरोध करूंगा,

… (<u>व्यवधान</u>)

HON. CHAIRPERSON: I am requesting all of you to debate on the Bill. The entire nation is watching you. The entire nation is watching what you are doing. You have been elected to make a piece of legislation. आप यहां कानून बनाने के लिए आए हैं, आप दर्शन सिंह चौधरी जी की बात सुनिए।

… (<u>व्यवधान</u>)

1512 बजे

श्री दर्शन सिंह चौधरी (होशंगाबाद) : सभापति महोदय, भारतीय पत्तन विधेयक, 2025 पर मैं बोलने के लिए खड़ा हुआ हूं। जिसमें विश्वास, आंखों में भारत के समुद्री भविष्य का सपना, जुबान पर जोश, हमारे महापुरुषों की वाणी में रहा है,... (व्यवधान) यह बिल केवल कानून नहीं है, इक्कीसवीं सदी के भारत का समुद्र घोषणा पत्र है। इसमें परिवर्तन की अनिवार्यता इसलिए भी है, 1908 के कानून का दौर था जब हिन्दुस्तान की तटरेखाओं पर विदेशी हुकूमत का पहरा था, तब के पत्तन, तब की तकनीक, तब की सोच सब कुछ अलग थी। ... (व्यवधान) आज हम ऐसे भारत में खड़े हैं, जहां माननीय नरेन्द्र भाई मोदी जी के नेतृत्व में 855 मिलियन टन कार्गो अपने प्रमुख पत्तनों से संभालता है, ... (व्यवधान) सागरमाला के माध्यम से 5.79 लाख करोड़ की 839 परियोजनाओं को आगे बढ़ा रहा है, ... (व्यवधान) जो राष्ट्रीय जल मार्गों को सलाना 145.5 मिलियन टन का परिवहन करता है। अब हमारे कानून उतने ही आधुनिक, उतने ही तेज और दूरदर्शी होने चाहिए जितना हमारा सपना है। ... (व्यवधान)

बिल का मुख्य स्तंभ है, हमारी नयी ऊर्जा और नई संरचना, इसमें मैरिटाइम स्टेट डेवलपमेंट काउंसिल बनी है। एमएसडीसी, केन्द्र और राज्य मिलकर एक साझा रणनीति बनाएंगे, टैरिफ और रणनीतियों में एकरूपता यही विकास की पहली शर्त है। ... (व्यवधान) स्टेट मैरिटाइम बोर्ड का गठन हुआ है, इससे राज्य और संघीय ढांचा मजबूत बनेगा, डिसप्यूट रिजोल्यूशन कमेटी बनी है, जिससे विवादों का छह माह के निपटारे की बात बिल में समाहित किया गया है। हाई कोर्ट तक अपील, न्याय में पारदर्शिता और समयबद्धता तय करती है। ... (व्यवधान) पर्यावरण की सुरक्षा इस बिल के महत्वपूर्ण बिन्दु है। पत्तन का वेस्ट रिसेप्शन, आपदा तैयारी, प्रदूषण नियंत्रण ताकि ग्रीन भी हो और क्लीन भी हो। हम अंधेरे से लड़ेंगे और उजाले की ओर बढ़ेंगे, ... (व्यवधान) यह बिल उतना ही उजाला लाता है, ... (व्यवधान) पारदर्शी टैरिफ, स्पष्ट नियम और मजबूत संस्थाएं, नई राहत दिखाती है। इसलिए समुद्री शक्ति का पुनर्जागरण 7 हजार 5 सौ किलोमीटर लंबे तट पर केवल समुद्री रेत नहीं है बल्कि अवसरों का स्वर्ण द्वार है।

"लहरों से डरकर नौका पार नहीं होती है
कोशिश करने वालों को कभी हार नहीं होती।"

(1515/IND/RP)

माननीय सभापति महोदय, मैं यह कहना चाहता हूँ कि इस बिल से एक एकादृष्टि, संघ राज्य समन्वय, निवेश का भरोसा और पर्यावरणीय संतुलन, चारों में संगम होता है। ... (व्यवधान) हमें कदम मिलाकर चलना होगा। इससे हमें लक्ष्य जरूर प्राप्त होगा और इसलिए मैं आपके माध्यम से इस बिल का समर्थन करता हूँ। ... (व्यवधान) सभापति महोदय, आपके माध्यम से मैं यह कहना चाहता हूँ कि भले ही मैं मध्य प्रदेश से आता हूँ, लेकिन हमारे यहां पर नर्मदा मैया का पावन तट है और उसमें भी क्रूज जैसी व्यवस्था की जा रही है। ... (व्यवधान) नर्मदा मैया नदी मध्य प्रदेश की जीवनदायिनी है।

माननीय सभापति (श्री जगदम्बिका पाल) : मैं सभी माननीय सदस्यों से अनुरोध करता हूँ कि वे माननीय सदस्य को बिल पर बोलने दें। आप वेल में हंगामा क्यों कर रहे हैं? अगर आपको बिल पर बोलना है तो आप अपनी-अपनी सीट्स पर जाइए। मैं आपको बोलने का अवसर दूंगा।

… (व्यवधान)

माननीय सभापति : यह बहुत महत्वपूर्ण बिल है। आप सड़क पर भी धरना देते हैं। यह लोक सभा का सत्र चल रहा है और इस सत्र में एक महत्वपूर्ण कानून बन रहा है। इस बिल को बनाने में आपकी भूमिका है।

… (व्यवधान)

श्री दर्शन सिंह चौधरी (होशंगाबाद) : सभापति महोदय, नर्मदा नदी गुजरात की भी रक्षिणी है। … (व्यवधान) उस नर्मदा नदी के संरक्षण और संवर्द्धन का भी प्रावधान इस बिल में होना चाहिए। सभापति महोदय, मैं आपके माध्यम से कहना चाहता हूँ कि इस बिल को पारित कर हम भारत को एक वैश्विक महाशक्ति बनाने की दिशा निर्णायक कदम उठाएंगे। … (व्यवधान) आज आदरणीय प्रधान मंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में हमारी समुद्री सीमाएं मजबूत हुई हैं इसलिए मैं इस बिल का समर्थन करता हूँ और विपक्ष से भी अपील करता हूँ कि वे देशहित में इस बिल के समर्थन में आएं और राष्ट्र को आगे बढ़ाने में सहयोग करें। … (व्यवधान)

मैं इसी भावना के साथ अपनी बात को समाप्त करता हूँ।

(इति)

माननीय सभापति : माननीय सदस्यगण, मैं आपसे अनुरोध करता हूँ कि अगर इस महत्वपूर्ण बिल पर आपमें से कोई बोलना चाहता है तो आप सदन में व्यवस्था बनाकर रखें। अगर आप वेल से जाएंगे तो मैं आपको बोलने के लिए एलाऊ करूंगा।

… (व्यवधान)

